निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ सलाहकार (महत्वाकांक्षी जिला इकाई)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसासधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व

वरिष्ठ सलाहकार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग में तैनात किया जाएगा और वे सीधे उपायुक्त, परिवार नियोजन के पर्यवेक्षण में काम करेंगे।

पद के विशिष्ट दायित्व इस प्रकार से हैं:

- उपायुक्त, परिवार नियोजन पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा इन जिलों में विशिष्ट स्वास्थ्य कार्यक्रमों की योजना बनाने, उन्हें शुरू तथा कार्यान्वित करने का कार्य करता है।
- प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों के अनुसार महत्वाकांक्षी जिलों में नियमित कार्यक्रम निगरानी, खोज और सुधार का कार्य करना।
- महत्वाकांक्षी जिलों में प्रमुख एनएचएम कार्यक्रमों के सुदृढ़ीकरण और कार्यान्वयन हेतु राज्यों को कार्यक्रमात्मक सहायता प्रदान करना।
- महत्वाकांक्षी जिलों और राज्यों में यथोपेक्षित कार्यक्रमात्मक आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यकलाप आयोजित करना।
- कार्यक्रम कार्यकलाप तैयार करने, कार्यान्वित करने, निगरानी तथा उन पर रिपोर्ट करने के लिए विकास भागीदारों, नीति आयोग, राज्य सरकार के समकक्षों जैसे हितधारकों के साथ कार्य करना।
- महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम हेतु कार्य योजनाएं, बजट, कार्यकलाप, निगरानी और मूल्यांकन (एम एवं ई) कार्य ढांचे विकसित करना।
- प्रलेखों, प्रचालन एवं तकनीकी दिशा-निर्देश विकसित करने में सक्रिय रूप से लगे रहना।
- विविध रिपोर्टों / अध्ययनों / एमआईएस डाटा / सर्वेक्षण रिपोर्टों का विश्लेषण करना तथा आउटपुट / विश्लेषण के आधार पर राज्यों और अलग-अलग जिलों में महत्वाकांक्षी जिला संकेतक (नीति आयोग द्वारा यथा-निर्दिष्ट) प्राप्त करने के लिए कार्रवाई करने का सुझाव देना।
- राज्य पीआईपी की मूल्यांकन रिपोर्टें तैयार करने में सहायता करना, महत्वाकांक्षी जिलों के लिए तिमाही। मासिक रिपोर्टें, प्रगति रिपोर्टें तैयार करना।
- कार्यक्रम समीक्षा और सहायक पर्यवेक्षण हेतु राज्यों और महत्वाकांक्षी जिलों के नियमित फील्ड दौरे करना।
- महत्वाकांक्षा जिला समीक्षा बैठकें आयोजित करने के लिए राज्यों के साथ समन्वयन।
- आवधिक रिपोर्टें प्रस्तुत करना तथा स्वीकृत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के अंदर अंतराल को भरने के लिए राज्य स्तर पर अपेक्षित कार्रवाइयां करना।
- आरएमएनसीएच+ए के क्षेत्र में कार्य करने वाले विविध हितधारकों अर्थात् सरकार, निजी शिक्षा, एनजीओ आदि तथा सहायक महत्वाकांक्षी जिलोंके साथ नेटवर्किंग और सहयोगी संबंध विकसित करना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्णय लेना सरल बनाने के लिए राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करना।
- पर्यवेक्षण द्वारा सौंपा गया अन्य कोई भी कार्य करना।

अपेक्षित अर्हता एवं अनुभव

- जन स्वास्थ्य स्नातकोत्तर अर्हता सहित एमबीबीएस तथा 3+ वर्षों का कार्य अनुभव। 5+ वर्षों के कार्य अनुभव के साथ गैर-एमबीबीएस (परंतु बीडीएस / बीएएमएस/ बीएचएमएस/बी.एससी/बीपीटी नर्सिंग/सामाजिक विज्ञान में संगत उपाधि के साथ)।
- एनएचएम या उच्च प्राथमिकता वाले जिलों (एचडीपी) में स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, कार्यक्रम आयोजना या कार्यान्वयन में कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रचालन, जिला स्वास्थ्य कार्य योजनाओं (डीएचएपी) के सुदृढ़ीकरण में कार्य करने में प्रदर्शित अनुभव।
- इसके लिए कार्यक्रम लक्ष्य प्राप्त करने और योजना कार्यकलाप करने के लिए कार्यनीतियां डिजाइन करने में सक्षम होना चाहिए।
- कार्यक्रम या कार्यनीति स्तर, निगरानी और मूल्यांकन, डाटा विश्लेषण, जन स्वास्थ्य प्रशासन और व्यवस्था में स्वास्थ्य मुद्दों पर कार्य करने की क्षमता और अनुभव।
- स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर तकनीकी दिशा-निर्देश और प्रलेख विकसित करने की क्षमता।
- समय-सीमा का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने के लिए तकनीकी सहायता और क्षमता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों में यात्रा करने की इच्छा।
- बहु-विषयी दल वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- विशिष्ट संगत कार्य अनुभव या गुणवत्ता कार्य प्रकाशित होने पर शैक्षिक अर्हता और अनुभव शिथिल किया जा सकेगा।

आवश्यक कुशलता एवं दक्षता

- आरएमएनसीएच+ए और अन्य कार्यक्रमों जैसे कि प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या और एनसीडीका तकनीकी ज्ञान।
- एम.एस. वर्ड, एक्सेल, पॉवर प्वाइंट जैसे सामान्यत: प्रयोग में आने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में दक्षता।
- अच्छा संप्रेक्षण और लेखन कौशल।
- अच्छा पर्यवेक्षण एवं अंतर-वैयक्तिक कौशल।

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष तथा फील्ड दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य।
पारिश्रमिक रेंज: 90,000/- रुपये से 1,50,000/ रुपये प्रतिमाह के बीच।
तैनाती का स्थान: नई दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **25-Sep-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।